(d) whether any monitoring is being done centrally to eliminate delays in transfer of such accounts;

(e) what is the total amount that has been deposited by the migrants in their different accounts, and whether the nationalised banks have given interest on such deposits; and

(f) if so, what are the details thereof ?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF FINANCE AND MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF PARLIAMENTARY AFFAIRS (DR. ABRAR AHMED) : (a) to (f) The information is being collected and will be laid on the Table of the House.

उत्तर प्रदेश में भारतीय यूनिट ट्रस्ट की शाखाएं खोला जाना

1666. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या उत्तर प्रदेश में भारतीय यूनिट ट्रस्ट की शाखाएं खोलने का कोई प्रस्ताव है; और

(ख) यदि हां, तो उन स्थानों के नाम क्या हैं जहां उक्त शाखाएं खोले जाने की संभावना है ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) : (क) भारतीय यूनिट ट्रस्ट की उत्तर प्रदेश में लखनऊ, कानपुर, आगरा, इलाहाबाद, वाराणसी और देहरादून में छः शाखाएं है । चालू वर्ष के दौरान, भारतीय यूनिट ट्रस्ट की राज्य में कोई अतिरिक्त शाखा खोलने की योजना नहीं है ।

(ख) प्रश्न ही नहीं उठता ।

उत्तर प्रदेश में बैंकों की शाखा

1667. **श्री ईश दत्त यादव** : क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) 30 जनवरी, 1993 की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश में राष्ट्रीयकृत बैंकों की शाखाओं की जिलावार संख्या कितनी है; और

(ख) उत्तर प्रदेशों में ऐसे लघु उद्योग एककों की जिलावार संख्या कितनी है। जिन्हें विगत् दो वर्षों के दौरान ऋण प्रदान किये गये हैं ?

वित्त मंत्रालय में राज्य मंत्री और संसदीय कार्य मंत्रालय में राज्य मंत्री (डा० अबरार अहमद) : (क) 30-6-1993 (अद्यतन उपलब्ध) की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश में कार्यरत सरकारी क्षेत्र के बैंकों की जिलेवार संख्या संलग्न विवरण में दी है । [नीचे देखिए]

(ख) आंकड़ा सूचना प्रणाली से पूछे गए अनुसार सूचना प्राप्त नहीं होती है । मार्च 1990 और मार्च 1991 के अन्तिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश में लघु उद्योगों को सरकारी क्षेत्र के बैंकों के कुल बकाया अग्रिम निम्नलिखित है ।

(लाख रुपये)

अन्तिम शुक्रवार की स्थिति के अनुसार	खातों की संख्या	बकाया अग्रिम
मार्च, 1990	323404	135993
मार्च, 1991	339955	154866

विवरण

30-6-1992 की स्थिति के अनुसार उत्तर प्रदेश में कार्यरत सरकारी क्षेत्र के बैंकों की जिलेवार संख्या

जिले का नाम	शाखाओं की संख्या
आगरा . .	156
अलीगढ़ . .	107
इलाहाबाद . .	193
अलमोड़ा . .	59